प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 04/03/2021 को प्रदेश के दो अग्रेणी संस्थान सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ एवं दयाल ग्रुप, मेरठ के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इस समझौते को सहयोगात्मक अनुसंधान एवं कृषि विकास को सुविधा जनक बनाने तथा कृषि शिक्षा एवं उद्योग के बीच समन्वय स्थापित के उद्देश्य से तैयार किया गया है। समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से मा0 कुलपति प्रो0 आर0के0 मित्तल जी तथा दयाल समूह की ओर से अध्यक्ष श्री अभय कुमार द्वारा हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर दयाल समूह के निदेशक एंव विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल के सदस्य श्री अमन दयाल भी उपस्थित रहे।

दयाल ग्रुप एक विभिन्न कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित समूह है जो फसल पोषण, संरक्षण उन्नत बीज, पशुपोषण के सम्बन्ध में नवीन उत्पादो एवं प्रसार सेवाओं को उपलब्ध कराकर भारतीय किसानों की उत्पादकता एंव आय में वृद्वि करने का प्रयास करता है, तथा किसान सशक्तिकरण के लिए कृषि के क्षेत्र में विभिन्न लाभकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है।

इस समझौते का उददेश्य, उन्नत कृषि पद्वतियों पर किये जा रहे नये शोध कार्यो को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है। सूक्ष्म पोषक तत्व, बायोकन्ट्रोल एजेन्ट, उन्नत बीज, पशुपोषण एवं स्वास्थ्य तथा सूचना प्रौद्योगिकी पर छात्रों के गुणवत्तायुक्त शोध कार्यो को अभिज्ञान करना, विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से उत्कृष्ट विस्तार प्रथाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए लघु अवधि प्रशिक्षण तथा औद्योगिक ज्ञान के लिए दयाल समूह की इकाईयों का भ्रमण करना सम्मिलित है। जो छात्रों में कौशल विकास करने में सहायक होगा। साथ ही इस समझौते के अन्तर्गत किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए दयाल समूह द्वारा प्रतिवर्ष 06 प्रगतिशील किसानों को पुरूस्कार दिये जायेंगे। प्रगतिशील किसानों का चयन विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा। पुरूस्कार के रूप में रूपये 11000 नगद, दयाल फारर्मस क्लब की एक वर्ष की सदस्यता एंव जय किसान, जय विज्ञान ट्रॉफी दी जायेगी।

कृषि शोध में छात्रों को बढ़ावा देने के लिए सर्वोत्तम शोध पत्र प्रकाशित करने के लिए विश्वविद्यालय में अध्ययनरत तीन छात्रों को पुरूस्कृत किया जायेगा। छात्रों को पुरूस्कार के रूप में रूपये 21000, प्रमाण पत्र तथा जय किसान जय विज्ञान की ट्रॉफी दी जायेगी।

विश्वविद्यालय के स्नात्कोत्तर एवं शोध छात्र (पी-एच0डी0) द्वारा सूक्ष्म पोषक तत्व/जैव कार्बनिक निवेश/जैव नियत्रंण एजेंन्ट के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्य हेतु एक वर्ष के लिए रूपये 10000/- प्रतिमाह शोध अध्येतावृत्ति के रूप में दिये जायेगे जिससे कि शोध छात्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के साथ-साथ उत्कृष्ट शोध के लिए प्रेरित किया जायेगा।

किसानों के बीच सूक्ष्म पोषण तत्व/जैव नियत्रंण एजेंन्ट के प्रयोग करने के लिए जागरूता लाने तथा कृषि प्रसार कार्यो को बढावा देने के उद्देश्य से 03 अभिनव के0वी0के0 पुरूस्कार, कृषि विज्ञान केन्द्रों पर दिये जायेंगे। पुरूस्कार के रूप रूपये 21000 तथा ट्रॉफी दी जायेगी। सभी पुरूस्कार, ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र दयाल समूह द्वारा प्रायोजित किये जायेंगे।

समझौते पर हस्ताक्षर के समय विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डा0 बी0आर0सिंह0, निदेशक डा0 अनिल सिरौही, डा0 एस0के0 सचान व अधिष्ठाता डा0 एन0एस0 राणा, डा0 बिजेन्द्र सिंह, डा0 आर0 कुमार, डा0 शमशेर, डा0 राजबीर सिंह एवं दयाल समूह की ओर से डा0 जितेन्द्र कुमार, श्री सुदेश तिवारी, डा0 मुकेश गौर, डा0 अवनीश सिंह एवं ले0 कर्नल मनीश शर्मा उपस्थित रहे।

5/3/2021

Director Experiment Station
SVP University of Ag. & Tech.,
Meerut (U.P.)